# इंजेक्शन तकनीक

Pr **Fragmin**®
dalteparin sodium

**किस प्रकार पहले से भरे सुरक्षित सिरिंज का उपयोग करते हुए खुद को फ़्रैगमिन इंजेक्शन दें**

**अपनी उँगलियों से सिरिंज को ब्लिस्टर पैकेजिंग से निकालने का प्रयास न करें।**
सही संचालन तकनीक के लिए चरण 1 से 3 में दिखाए गए अनुसार निर्देशों का पालन करें, अन्यथा, सुई का सुरक्षा तंत्र चालू हो जाएगा, जिससे सिरिंज बेकार या अनुपयोगी हो जाएगा।

## चरण 1

ब्लिस्टर पैकेजिंग से पूरी तरह अस्तर काग़ज़ उतार दें।



## चरण 2

पैकेजिंग को घुमाएँ ताकि खुली ओर का रुख टेबल जैसे, किसी समतल सतह से तीन से पाँच सेंटीमीटर की ऊँचाई पर नीचे की ओर हो।



## चरण 3

सिरिंज को बाहर निकालने के लिए, बाज़ुओं को ब्लिस्टर पैकेजिंग के बीच से खींचें ताकि ब्लिस्टर खोह चौड़ा हो सके। ऐसा करने पर सिरिंज, ब्लिस्टर से बाहर निकल आएगी।




## चरण 4

**अपने हाथ धोएँ।**



## चरण 5

**इंजेक्शन लगाने की जगह चुनें।**




इंजेक्शन लगाने की पसंदीदा जगह पेट का निचला हिस्सा है। फ़्रैगमिन को जाँघ के बाज़ू में भी दिया जा सकता है, बशर्ते कि इंजेक्ट करते समय माँसपेशियों के ऊतकों में उसे न देने की सावधानी बरती जाए। बाद का प्रत्येक इंजेक्शन देने के लिए चित्र में प्रदर्शित रूप से पेट या जाँघ के अलग-अलग जगह का चयन करें।

## चरण 6

**जगह साफ़ करें।**

इंजेक्शन देने के लिए चुनी गई जगह को एल्कोहॉल युक्त रुई के फाहे से पोंछें और उसे सूखने दें।



## चरण 7

**शरीर के पास सिरिंज ले जाएँ और फ़्रैगमिन की खुराक इंजेक्ट करने की तैयारी करें।**



**उपयोग के दौरान किसी भी समय सुई गार्ड सक्रियण क्लिप को स्पर्श न करें। इससे सुई का सुरक्षा तंत्र चालू हो जाएगा जिससे आपको इंजेक्शन देने से पहले ही सुई की वापसी हो जाएगी (पीछे खिंच जाएगा)। इससे सिरिंज बेकार या अनुपयोगी हो जाएगा।**

## चरण 8

**सुई का आवरण या शील्ड हटाएँ।**



कृपया नोट करें कि सुई का आवरण हटाने के लिए मज़बूती से पकड़ कर खींचना होगा। पूरी खुराक़ देना सुनिश्चित करने के लिए, **इंजेक्शन देने से पहले सिरिंज में मौजूद किन्हीं हवा के छोटे बुलबुलों को न हटाएँ।**

जारी →

## चरण 9

### त्वचा की परत को तह करें।



सुई को अंगूठा और तर्जनी से तैयार त्वचा की तह में डालना होगा। **इंजेक्शन देने की पूरी प्रक्रिया के दौरान त्वचा की इस तह को बनाए रखना होगा।**

## चरण 10

### फ्रैगमिन दें।



अपने मुख्य हाथ का उपयोग करते हुए, सिरिंज को पेंसिल के समान अपने अंगूठे तथा बीच वाली उँगली के बीच पकड़ें। सुई, त्वचा की तह के जितनी भीतर जा सके उतनी खड़े रूप में अंदर डालें। अंदर डालने के बाद, सुई को हिलाना नहीं चाहिए।

**यदि आप स्वयं इंजेक्ट कर रहे हों,** तो तर्जनी का उपयोग करते हुए प्लंजर दबाएँ; **यदि आप किसी और को इंजेक्शन दे रहे हों,** तो प्लंजर दबाने के लिए अंगूठे का उपयोग करें।

## चरण 11

### सुई निकालें और सुई गार्ड को सक्रिय करें।



जब आप सिरिंज की सारी सामग्री इंजेक्ट कर दें, तब **त्वचा के मोड को बनाए रखते हुए और प्लंजर को नीचे पकड़े रख कर,** सुई हटा दें **और फिर त्वचा को ढीला छोड़ें।**

प्लंजर को निकलने दें और तब तक सिरिंज को उपकरण के अंदर ऊपर जाने दें जब तक कि पूरी सुई सुरक्षित न हो जाए। **पूरी खुराक़ देने तक सुई गार्ड सक्रिय नहीं हो पाएगा।**

## चरण 12

### फ्रैगमिन देने के बाद।



इंजेक्शन स्थल पर 5-10 सेकंड या ज़्यादा देर तक रुई का गोला दबाए रखें। घाव से बचने के लिए, इंजेक्शन स्थल को ना रगड़ें।

प्रयुक्त सिरिंज को अनुमोदित कंटेनर में फेंके। सुनिश्चित करें कि वह बच्चों की पहुँच से दूर रखा जाता है।

फ्रैगमिन, सर्जरी किए जाने पर रक्त के थक्कों को (ख़ून जमना) रोकने, गहरी नसों में तीव्रता से रक्त के थक्कों के निर्माण का उपचार करने, रोगसूचक रक्त के थक्कों के उपचार के लिए, कैंसर पीड़ितों में दुबारा ख़ून जमने न देने, अस्थिर कोरोनरी धमनी के रोग के इलाज के लिए, गंभीर बीमारी के दौरान सीमित गतिशीलता के जोखिम वाले रोगियों में ख़ून जमने से रोकने, और गुर्दे की तीव्र विफलता या गुर्दे की पुरानी बीमारी के संबंध में रक्त डायलिसिस और निस्यंदन उपकरण में रक्त के थक्कों को रोकने के लिए उपयोग किया जाता है।

**यह बहुत ज़रूरी है कि आप अपने डॉक्टर या नर्स के निर्देशों का सावधानी से पालन करें। आपके डॉक्टर द्वारा निर्दिष्ट पूरी समयावधि के लिए स्वयं को निर्धारित इंजेक्शन दें।**

**रबर की सूई में लैटेक्स मौजूद हो सकता है। यदि आपमें लैटेक्स (प्राकृतिक रबर) के प्रति अतिसंवेदनशीलता रही है या वर्तमान में उसके प्रति अतिसंवेदनशीलता है, तो अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट से बात करें।**

**जब आप फ्रैगमिन ले रहे हों, तब आपके डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवाओं के अलावा कोई और दवा न लें।** चूँकि कुछ दवाइयाँ थक्का-रोधी प्रभाव को तेज़ कर देती हैं, इसलिए आप जो दवाइयाँ ले रहे हैं, उनके बारे में अपने डॉक्टर को बताना आपके लिए बहुत ज़रूरी है।

**फ्रैगमिन त्वचा की सतह के नीचे दिए जाने वाले (अधस्त्वचीय) इंजेक्शन के रूप में दिया जाता है और इसे अंतःमाँसपेशियों के रूप में नहीं देना चाहिए।**

फ्रैगमिन लेना बंद करें और अपने डॉक्टर से संपर्क करें **यदि आप यह अनुभव करें**: गंभीर विवर्णता, इंजेक्शन स्थल के आस-पास दर्द या चोट; बिना किसी स्पष्ट कारण के घाव; नाक से ख़ून बहना; मुँह, मसूड़े, पेट, गुदा या योनी से ख़ून बहना; इंजेक्शन स्थल या शल्य-चिकित्सा स्थल से ख़ून बहना; एलर्जिक प्रतिक्रियाएँ; मूत्र में ख़ून; या जब आप आघात महसूस करें (मस्तिष्क के अंदर ख़ून बहना)। फ्रैगमिन लेते समय किसी अप्रत्याशित प्रभाव के लिए, तुरंत अपने डॉक्टर या फ़ार्मासिस्ट से संपर्क करें।

अपने पहले से भरे सिरिंजों को कमरे के तापमान (15-30°C) पर स्टोर करें।

इंजेक्शन लेने और सुरक्षा संबंधी संपूर्ण जानकारी के लिए कृपया उपभोक्ता सूचना पत्रक देखें।

**अंग्रेज़ी और फ्रेंच में उपलब्ध अन्य सहायक फ्रैगमिन (Fragmin) संसाधनों को ढूँढ़ने के लिए Fragmin.ca पर जाएँ**

**वेबसाइट में प्रवेश करने के लिए इस नंबर का प्रयोग करें: 02430789**

Pfizer

FRAGMIN ® Pfizer Health AB, owner/ Pfizer Canada ULC, Licensee
© 2022 Pfizer Canada ULC, Kirkland, Quebec H9J 2M5

PP-FRA-CAN-0267-HN

MEMBER OF INNOVATIVE MEDICINES CANADA

Pr Fragmin® dalteparin sodium